समाचार-पत्र का नाम ........जग छोर........
दिनांक 26.1.2019 पृष्ठ सं. ....6.... कॉलम 2-7

# देशवासियों के लिए 26 जनवरी का विशेष महत्व : सिंह



हिसार/26 जनवरी/रिपोर्टर

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में गणतंत्र दिवस के अवसर पर गिरी सैंटर प्रांगण में आयोजित समारोह में कुलपति प्रो. केपी सिंह ने आर्मी बैंड की मधुर धुन के बीच तिरंगा फहराया। उन्होंने छात्र कल्याण निदेशक डॉ. डीएस दहिया की अगवानी में एनसीसी कैडेटस तथा एनएसएस स्वयंसेवकों की टुकड़ियों का निरीक्षण किया और परेड की सलामी ली। समारोह को संबोधित करते हुए प्रो. सिंह ने कहा भारतवासियों के लिए 26 जनवरी का विशेष महत्व है क्योंकि स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात आज ही के दिन 1950 में हमारा संविधान लागू हुआ और भारत संप्रभु, धर्मनिरपेक्ष, लोकतांत्रिक गणराज्य बना। उन्होंने विश्वविद्यालय समुदाय से देश की एकता, अखंडता व देशप्रेम की भावना को सर्वोपरि रखते हुए देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देने की अपील की। उन्होंने कहा उन्हें बहुत खुशी है कि जिस उद्देश्य से इस विश्वविद्यालय की स्थापना हुई थी उसको पूरा करने में वे सफल हुए हैं जिसके परिणामस्वरूप इस विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय स्तर पर बेस्ट इंस्टीट्यूशन अवार्ड मिला। उन्होंने कहा यह इस विश्वविद्यालय का स्वर्ण जयन्ती वर्ष है। अपनी स्थापना के 50 वर्षों के लम्बे सफर में इस विश्वविद्यालय ने विकास की जो गाथा लिखी है उसे और आगे बढ़ाना है। उन्होंने विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों से विशेष अनुरोध किया कि इस विश्वविद्यालय और देश को उनसे बहुत अपेक्षाएं हैं। उन्हें लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ना चाहिए और देश व विदेश में अपने विश्वविद्यालय का नाम रोशन करना चाहिए। विश्वविद्यालय ने उनके लिए अनेक योजनाएं तथा कार्यक्रम आरंभ किए हैं जो उनके लिए बहुत लाभदायक साबित होंगे। उन्होंने विश्वविद्यालय समुदाय से देश के संविधान की अनुपालना करने की भी अपील की। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। समारोह में कुलपति द्वारा विद्यार्थियों को मिठाइयां बांटी गईं।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ...सिटी पल्स...
दिनांक 26.1.2019 पृष्ठ सं. ...3... कॉलम ...5-6...

# हकृवि में कुलपति प्रो. केपी सिंह ने फहराया तिरंगा

सिटी पल्स न्यूज़, हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। विश्वविद्यालय के गिरि सैंटर प्रांगण में आयोजित भव्य समारोह में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केपी सिंह ने आर्मी बैंड की मधुर धुन के बीच तिरंगा फहराया। उन्होंने छात्र कल्याण निदेशक डॉ. डीएस दहिया की अगवानी में विश्वविद्यालय के विभिन्न कॉलेजों के एनसीसी कैडेटस तथा एनएसएस स्वयंसेवकों की टुकड़ियों का निरीक्षण किया और परेड की सलामी ली।



*हिसार। कुलपति प्रो. केपी सिंह राष्ट्रीय ध्वज के रंगों के गुब्बारे आसमान में छोड़ते हुए।*

समारोह को संबोधित करते हुए प्रो. सिंह ने विश्वविद्यालय समुदाय को इस पावन दिवस की बधाई दी। उन्होंने कहा यह इस विश्वविद्यालय का स्वर्ण जयन्ती वर्ष है। अपनी स्थापना के 50 वर्षों के लम्बे सफर में इस विश्वविद्यालय ने विकास की जो गाथा लिखी है उसे और आगे बढ़ाना है। उन्होंने विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों से विशेष अनुरोध किया कि इस विश्वविद्यालय और देश को उनसे बहुत अपेक्षाएं हैं। इस अवसर पर विश्वविद्यालय तथा कैंपस स्कूल के विद्यार्थियों ने देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। समारोह में कुलपति द्वारा विद्यार्थियों को मिठाइयां बांटी गईं।


# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय


समाचार-पत्र का नाम ....पंजाब केसरी....

दिनांक ....28.1.2019.... पृष्ठ सं. ....4.... कॉलम ....1-3....

## हकृवि में कुलपति ने फहराया तिरंगा

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में गणतंत्र दिवस मनाया गया। कुलपति प्रो. के.पी. सिंह ने तिरंगा फहराया। उन्होंने छात्र कल्याण निदेशक डा. डी.एस. दहिया की अगवानी में विश्वविद्यालय के विभिन्न कालेजों के एन.सी.सी. कैडेट्स तथा एन.एस.एस. स्वयंसेवकों की टुकड़ियों का निरीक्षण किया और परेड की सलामी ली।






*महाबीर स्टेडियम में गणतंत्र दिवस समारोह में परेड का निरीक्षण करते मुख्यातिथि वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु व हकृवि के कुलपति प्रो. के.पी. सिंह एन.सी.सी. की टुकड़ियों का निरीक्षण करते हुए।*

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ....दैनिक भास्कर, अमर उजाला....
दिनांक 28.1.2019.... पृष्ठ सं. ....5, 6.... कॉलम ....1, 1....



एचएयू में गणतंत्र दिवस पर कुलपति प्रो. केपी सिंह एनसीसी की टुकड़ियों की सलामी लेते हुए।

## एचएयू में फहराया तिरंगा

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में गणतंत्र दिवस उत्साह से मनाया गया। गिरि सेंटर में हुए समारोह में कुलपति प्रो. केपी सिंह ने तिरंगा फहराया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम दैनिक जागरण

दिनांक 28.1.2019 पृष्ठ सं. 14 कॉलम 8

## एचएयू में मनाया गया गणतंत्र दिवस

जासं, हिसार : हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में गणतंत्र दिवस मनाया गया। विश्वविद्यालय के गिरी सेंटर प्रांगण में आयोजित भव्य समारोह में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केपी सिंह ने आर्मी बैंड की मधुर धुन के बीच तिरंगा फहराया। उन्होंने छात्र कल्याण निदेशक डा. डीएस दहिया की अगुवानी में विश्वविद्यालय के विभिन्न कालेजों के एनसीसी कैडेटस और एनएसएस स्वयंसेवकों की टुकड़ियों का निरीक्षण किया और परेड की सलामी ली।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम नित्य शक्ति टाईम्पस
दिनांक 25.1.2019 पृष्ठ सं. 6 कॉलम 7-8

# एक दिवसीय पीएफएमएस प्रशिक्षण का आयोजन

हिसार, 25 जनवरी (निस)। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशालय की एनएसएस इकाई द्वारा प्रदेश के विभिन्न जिलों के स्कूल व कॉलेजों के एनएसएस कोआर्डिनेटर्ज, कार्यक्रम अधिकारियों, एनएसएस सहायकों, डीडीओ तथा जिला समन्वयकों के लिए एक दिवसीय पीएफएमएस प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। उच्चतर शिक्षा निदेशालय के राज्य एनएसएस अधिकारी डॉ. कपिन्द्र सिंह के निर्देशानुसार विश्वविद्यालय के मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के सभागार में आयोजित किए गए इस प्रशिक्षण में 135 प्रतिभागी शामिल हुए। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशक डॉ. डीएस दहिया मुख्य अतिथि थे। उच्चतर शिक्षा निदेशालय की एनएसएस ब्रांच के पब्लिक फाइनेंसियल मैनेजमैंट सिस्टम (पीएफएमएस) के विशेषज्ञ श्री गुरप्रीत सिंह ने प्रतिभागियों को पीएफएमएस के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने इंटरनेट के माध्यम से पीएफएमएस साईट पर एनएसएस कार्यक्रमों व खर्चों का विवरण अपलोड करने के बारे में तकनीकी जानकारी भी दी। इस अवसर पर डॉ. भगत सिंह, डॉ. प्रियंका, डॉ. वंदना व डॉ. सतपाल के अलावा एनएसएस सहायक श्री वीरेन्द्र सिंह भी उपस्थित रहे।